मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-261
26/05/2025

# मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास, 20 सहायक प्राध्यापकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

पटना, 26 मई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में 2.87 करोड़ रुपये लागत के एनेक्सी भवन, 4.90 करोड़ रुपये लागत के वार्डेन ब्लॉक तथा 5.33 करोड़ रुपये की लागत के स्टार्टअप ब्लॉक का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं तथा शैक्षणिक कार्यकलापों की जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा चयनित 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सहायक प्राध्यापक प्रबंधक श्रीमती रीतू नारायण, श्रीमती प्रीति सिंह, श्री अशोक कुमार, सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर श्री संतोष कुमार झा एवं संजय कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत में ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान परिसर में स्थापित पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री स्व0 ललित नारायण मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0 सिद्धार्थ ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। साथ ही शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान श्री सुनील कुमार ने भी मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष, ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के प्राध्यापक, छात्र–छात्राएं एवं नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान की स्थापना 1973 में 'बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ इकोनोमिक डेवलपमेन्ट' के नाम से सामाजिक–आर्थिक विकास के क्षेत्र में शोध एवं प्रबंधन के उद्देश्य से की गयी थी। संस्थान में वर्तमान में प्रोफेशनल कोर्स जो कि स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर का है, संचालित किया जा रहा है। विगत तीन वर्षों में संस्थान ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत से ज्यादा Placement के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। संस्थान प्रबंधन के क्षेत्र में पूर्वी भारत

का एक अग्रणी संस्थान है। वर्ष 2025 के Times B–School सर्वे में संस्थान ने शीर्ष 15 प्रबंधन संस्थानों में अपना Rank स्थापित किया है। संस्थान बाजार एवं कॉरपोरेट वर्ल्ड की जरूरत को ध्यान रखते हुए course का संचालन करता है। संस्थान के द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन तथा कम्प्यूटर की शिक्षा बाजार से काफी कम दर पर दी जा रही है। इसके कम फीस होने से समाज के कमजोर वर्गों के छात्र भी प्रबंधन एवं कम्प्यूटर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं तथा कॉरपोरेट वर्ल्ड में अपना स्थान कायम कर रहे हैं। काफी संख्या में बिहार राज्य स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना से आच्छादित छात्र संस्थान में नामांकित हैं। संस्थान के सारे कोर्स AICTE से मान्यता प्राप्त है तथा संस्थान आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्ध है। संस्थान में पूर्णतः क्रियाशील Start–up Cell है जो कि भावी उद्यमियों का प्रशिक्षण एवं उद्योग स्थापित किये जाने हेतु Mentoring का कार्य करता है। राज्य सरकार द्वारा संस्थान में आधारभूत संरचना की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एकेडमिक ब्लॉक का जीर्णोद्धार तथा टेक्निकल ब्लॉक में लैब का निर्माण कराया गया है। संस्थान के प्रशासनिक भवन का उन्नयन वर्ष 2022–2023 में कराया गया है।

******